सांवरिया मत फोड़े मटकी

सांवरिया मत फोड़े मटकी,
कसम तोहै दाऊ भैया की, भैया की,
जय बोल यशोदा मैया की॥

घर जाऊं तो मेरी सांस लड़ेगी,
कस कस के ताने मारेगी,
गारी दे मोहे मैया की, मैया की,
जय बोल यशोदा मैया की॥

घर जाऊं तो मेरी जिठनी लड़ेगी,
कस कस के ताने मारेगी,
गाली दे मोहे सैया की, सैया की,
जय बोल यशोदा मैया की॥

घर जाऊं तो मेरी ननंद लड़ेगी
कस कस के ताने मारेगी,
गाली दे मोहे भैया की, भैया की,
जय बोल यशोदा मैया की॥

घर जाऊं तो मेरे बलम लड़ेंगे,
लठिया की मौपे मार करेंगे,
कुंडी लगे कोठारिया की, कोठारिया की,
जय बोल यशोदा मैया की॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25412/title/sanwariya-mat-fode-matki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |